आकाशवाणी श्री विजयपुरम

24.03.2025 समय : 1850

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने आज विश्व क्षय रोग दिवस पर लोगों से टीबी को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आह्वान किया।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा कि सरकार सतत विनिर्माण कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है।
- प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने कमोर्टा, कच्छाल और ननकौड़ी द्वीपसमूह में सरकारी आवास के मुद्दे को मुख्य सचिव के समक्ष उठाया।
- नई दिल्ली में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में द्वीपसमूह की एम. भवानी ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों से क्षय रोग–टीबी को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आह्वान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने इस बीमारी से निपटने में सरकार के प्रयासों के बारे में बताया। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान और निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी रोगियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता पांच सौ रुपये प्रति माह से बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रति माह कर दी गई है। श्री नड्डा ने टीबी रोगियों को व्यापक सहायता प्रदान करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक मिलकर टीबी मुक्त भारत बना सकते हैं और सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में काम कर सकते हैं।

श्री विजयपुरम में विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में आज अनिम्स के सम्मेलन कक्ष में एक राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने एक स्वस्थ जीवन शैली पर जोर दिया। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। द्वीपसमूह के राज्य टीबी अधिकारी डॉ. पी. लाल ने क्षय रोग के लक्षणों, निदान और उपचार के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने आज कहा कि सरकार पहलों और सतत विनिर्माण कार्य प्रणालियों पर आधारित संसाधन दक्षता को बढावा देने के लिए अपने नीतिगत ढांचे पर कार्य कर रही है। संसाधन दक्षता और चक्रीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मंत्रालय ने प्लास्टिक, ई–कचरा, बैटरी और पाइपलाइन जैसे क्षेत्रों के लिए कुछ विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व नीतियों का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान दक्षता और परिपत्र अर्थव्यवस्था उद्योग गठबंधन ने विभिन्न देशों के पचास से अधिक वैश्विक उद्योग के सदस्यों को संगठित किया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भातुबस्ती के छात्रों और शिक्षकों ने केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के गाराचरमा अनुसंधान परिसर का दौरा किया। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष बातचीत में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वाई रामाकृष्णन ने अध्ययन दौरे के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आवासीय और व्यावसायिक स्थानों में एक्वेरियम सेटअप के लिए बाजार मांग, एग्रोमेट वेधशाला स्टेशन पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न सेंसर और पशु विज्ञान प्रभाग की ओर से दी जा रही सुविधाओं पर जानकारी दी।

<><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने कमोर्टा, कच्छाल और ननकौड़ी द्वीपसमूह में तैनात सरकारी कर्मचारियों से संबंधित मुद्दे को मुख्य सचिव के समक्ष उठाया है। उन्होंने आवासीय सरकारी क्वार्टरों की कमी के कारण कर्मचारियों को हो रही कठिनाइयों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि कई सरकारी कर्मचारियों को कठिन परिस्थितियों में किराये के आवास साझा करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से इन द्वीपों में सरकारी क्वार्टर स्थापित करने की दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है ताकि सरकारी कर्मचारियों की रहने की स्थिति में सुधार हो सके।

<><><><><><>

कृषि और ग्रामीण मजदूरों दोनों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक–सी पी आई फरवरी दो हजार पच्चीस में सात अंक घटकर एक हजार तीन सौ नौ और एक हजार तीन सौ इक्कीस अंक पर आ गया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के अनुसार, कृषि मजदूरों के लिए–सी पी आई पर आधारित वर्ष प्रतिवर्ष मुद्रास्फीति दर पिछले साल फरवरी में सात दशमलव चार तीन प्रतिशत की तुलना में चार दशमलव शून्य पांच प्रतिशत दर्ज की गई। इसी अवधि के लिए ग्रामीण मजदूरों के लिए सीपीआई पिछले साल फरवरी में सात दशमलव तीन छह प्रतिशत की तुलना में चार दशमलव एक शून्य प्रतिशत दर्ज की गई।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के मिडिल प्वाइंट स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में स्टॉक वैरिफिकेशन का कार्य किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग भवन छब्बीस से इक्कतीस मार्च तक बंद रहेगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विकास अधिकारी के पद पर भर्ती की जाएगी। केंद्र, राज्य, संघ राज्य या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त संगठनों के तहत काम करने वाले इच्छुक और पात्र कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन फार्म प्रशासन की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र मिडिल प्वाइंट स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी के पास चौदह मई को शाम चार बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

नई दिल्ली में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पांचवें दिन भी विभिन्न स्पर्धाओं में एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। निशानेबाजी में मोना अग्रवाल ने आज डॉक्टर कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पचास मीटर राइफल प्रोन SH1 मिक्स्ड श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। आनंद कृष्णन ने रजत और सचिन सिद्धनवर ने कांस्य पदक जीता। वहीं, अंडमान निकोबार

द्वीपसमूह की पैरा एथलीट एम. भवानी ने महिला सौ मीटर दौड़ में एक रजत और महिला लंबी कूद में एक कांस्य पदक हासिल किया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने केंद्रशासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन और अनिम्स के सहयोग से हटबे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हाल ही में नसबंदी शिविर लगाया गया। इस अभियान के दौरान लगभग एक सौ चौवन महिलाओं ने लैप्रोस्कोपिक नसबंदी सेवाओं का लाभ उठाया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल के लिए मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आज आपदा प्रबंधन निदेशालय के सहयोग से आदिवासी कल्याण निदेशालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीब्रीफिंग सत्र में आपदा प्रबंधन, जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों ने बनावटी अभियान का आंकलन किया। उन्होंने कर्मचारियों के बीच आपदा की तैयारी को बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्रों के महत्व पर भी जोर दिया।

<><><><><><><>